**Student Name -    Roll No - 127712    Subject - Essay    Total Score : 168.00**

| SrNo | 1) Q1 (100.00) | 2) Q2 (100.00) | 3) Q3 (100.00) | 4) Q4 (100.00) | 5) Q5 (100.00) | 6) Q6 (100.00) | 7) Q7 (100.00) | 8) Q8 (100.00) | 9) Q9 (100.00) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0.00 | 0.00 | 62.00 | 0.00 | 0.00 | 48.00 | 0.00 | 0.00 | 58.00 |

| 10) Q10 (100.00) | 11) Q11 (100.00) | 12) Q12 (100.00) |
|---|---|---|
| 0.00 | 0.00 | 0.00 |

Print / Download


Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Page Number : 1

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com



परीक्षार्थी के लिए आवश्यक अनुदेश

इन्हें सावधानी से पढ़ें और इनका अनुपालन करें, अन्यथा दंड के भागी होंगे।

1. इस उत्तर पुस्तिका में (40) क्रमांकित पृष्ठ हैं। इनका सत्यापन कर लें। त्रुटि/कमी होने पर उत्तर पुस्तिका बदलवा लें।
2. प्रवेश पत्र से मिलान कर, केवल इस आवरण पृष्ठ पर विहित स्थान पर अपना नाम एवं अनुक्रमांक (Enrollment Number) अंतर्राष्ट्रीय अंकों तथा अक्षरों में लिखें।
3. अनुक्रमांक के सभी 'अंक' अलग-अलग बॉक्स में लिखें। 'शब्दों में' प्रत्येक अंक ठीक उसके नीचे, लम्बे बॉक्स में, (ए क / O N E) अक्षरवार लिखें।
4. उत्तर पुस्तिका के अन्दर किसी पृष्ठ पर प्रश्नोत्तर के अलावा अपना नाम, अनुक्रमांक, अन्य कोई (धार्मिक) शब्द या पहचान चिह्न एवं परीक्षक को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रार्थना/धमकी भरी बातें न लिखें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जायेगी।

EXAM.– 03/FH/CC/M-2023-38

विषय : निबंध

SUB : ESSAY

उत्तर का माध्यम : हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू

Answer Medium : Hindi (●) English (○) Urdu (○)

Subject Barcode :

तिथि / Date 18/05/2023

| प्रश्न संख्या Q. No. | प्राप्तांक / Marks Obtained (परीक्षक भरेंगे) |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

[ Full Marks : 300

... topics in about 700 to 100 ...

... से 800 शब्दों में एक निबंध ...

... people to throw seeds.

...ाकर बीज फेंकने का इंतजार नहीं ...

... also a form of moral and ...

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें

Candidate should not write in this margin

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

पृष्ठ पर न लिखें

T WRITE ON THIS PAGE

Examdhara BPSC | CSBC

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

# ESSAY

*Time* : 3 Hours ] [ *Full Marks* : 300

## Section—I
## खण्ड—I

Write an essay on any **one** of the following topics in about *700* to *800* words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग *700* से *800* शब्दों में एक निबंध लिखिए :

1. ☐ Forest creates its own trees. It does not wait for the people to throw seeds.
जंगल अपने पेड़ स्वयं तैयार करता है। यह लोगों के जंगल में आकर बीज फेंकने का इंतजार नहीं करता है।

2. ☐ Literature is not only a source of knowledge, but also a form of moral and social activity.
साहित्य ज्ञान का केवल एक स्रोत ही नहीं है, साथ ही यह नैतिक और सामाजिक क्रिया का भी एक रूप है।

3. ☑ Perform your obligatory duty because action is indeed better than inaction.
अपने अनिवार्य कर्तव्य का पालन करें क्योंकि कर्म, निष्क्रियता से अवश्य ही उत्तम है।

4. ☐ Good art should illuminate our experience or reveal truths.
उत्कृष्ट कला हमारे अनुभव को प्रकाशित करती है या सत्य को उद्घाटित करती है।

अपने अनिवार्य कर्तव्य का पालन करें क्योंकि कर्म, निष्क्रियता से अवश्य उत्तम है।

---

कर्तव्य व्यक्ति का समाज के प्रति एक दायित्व है। कर्तव्यहीन व्यक्ति समाज हेतु एक बोझ के समान है। कर्तव्य मनुष्य को रचनात्मक बनाता है, उसे इस काबिल

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

बनाता है कि वह समाज एवम् देश हेतु अपना वृहत्तम योगदान दे सके।

निष्क्रिय व्यक्ति का समाज में उस वस्तु की भाँति है जिसका कोई उपयोग नहीं है। हाथ पर हाथ धरकर बैठे रहने से किसी व्यक्ति को कुछ हाथ नहीं लगता है मिलता है बाद में पश्चाताप, ग्लानि, पीड़ा।

निरंतर कर्तव्य की अवधारणा हमें प्रकृति से सीखनी चाहिए बिना किसी रुकावट के प्रकृति अपना कार्य करती रहती है। विभिन्न मौसमी परिघटना के माध्यम से प्रकृति संतुलन स्थापित किए रहती है।

रामायण के एक प्रसंग में जहाँ सभी वानर, भालू समुद्र पर पुल का निर्माण कर रहे थे उसी क्रम में एक छोटी गिलहरी अपने क्षमता के

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

अनुकूल निरंतर छोटे छोटे कंकड़ जमा कर रही थी। इसको देखकर कुछ वानरों ने उपहास स्वरूप गिलहरी को देखकर कहा कि तुम्हारे इस छोटे पत्थर से क्या बदलाव आ जाएगा? इस प्रश्न पर श्री राम ने गिलहरी को अपने हथेली पर रखकर वात्सल्य भाव से सहलाते हुए कहा कि व्यक्ति या प्राणी अपने क्षमता के अनुकूल जो भी कर रहा है वो सार्थक है और इसका यह कर्म व भक्ति भाव अतुलनीय है।

इसी कड़ी में तुलसीदास का रामचरित मानस की यह पंक्ति यथार्थता को प्रतिबिंबित करती है:-

"कर्म प्रधान विश्व करि राखा,
जो जस करहि सो तस फल चाखा,"

क्या हो अगर किसान अपने कर्तव्य का पालन न करे? निकृष्ट भाव

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

ये वो अपने हाथ पर हाथ धरे रहें? क्या होगा अगर व्यक्ति अपनी रचनात्मकता का त्याग कर दे?

व्यक्ति को किसानों से सीख लेनी चाहिए वो बिना रुके अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। अपने खेत जोतते हैं निरंतर उसे सींचते हैं तब जाकर कहीं फसल उपजती है।

यही कर्मप्रधानता व निरंतरता समाज के प्रत्येक पक्ष हेतु आवश्यक होते हैं। हमारे ग्रंथों में भी कर्म की प्रधानता को पूर्णता के साथ रेखांकित किया गया है, यथा-

"कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन"।

श्रीमद्भगवत गीता

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

भगवतगीता में निष्काम कर्म की बात की गयी है। फल की चिंता सोचे बिना व्यक्ति को सतत उपयुक्त कार्य करने की बात की गई है।

आज पर्यावरण के क्षेत्र की बात की जाए तो इतने सारे बदलाव एवम् हानिकारक प्रदूषक तत्व का समावेशन इसमें हो रहे हैं परंतु व्यक्ति की मानसिकता इस बात पर टिकी हुई है कि ये हमें प्रभावित नहीं कर रही है। अगर इसमें सुधार की गुंजाइश है तो छोटे-छोटे बदलाव जो व्यक्तिगत तौर पर हो सकते हैं व्यक्ति को करनी चाहिए। अपने सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन लाकर हम इसमें योगदान कर सकते हैं। इसी कड़ी में भारत का लाइफ मूवमेंट



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay



प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

आया है जो व्यक्तिगत तौर पर पर्यावरणीय क्षेत्र में योगदान देने हेतु एक पहल है। जलसंरक्षण प्रकृति के साथ समन्वय आधारित जीवनशैली के माध्यम से पर्यावरणीय क्षेत्र में अपना योगदान दे सकते हैं। यह कर्तव्य पालन की परिपाटी है निष्क्रियता से कहीं उत्तम है।

भारतीय परिवेश में एक कहावत बहुत ही प्रसिद्ध है :-

"करत करत अभ्यास के
जड़मति होत सुजान
रसरि आवत जात तें
सिल पर पड़त निशान"

निरंतर अभ्यास के माध्यम से एवम् अपनी कर्तव्यनिष्ठा के माध्यम से व्यक्ति प्रगति के पथ को

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay







अग्रसरित होते हैं।

हमें अपने इतिहास से सीख लेने की आवश्यकता है जिस प्रकार हमारे स्वतंत्रता सेनानी ने अपने निरंतर कर्तव्यनिष्ठा से हमें स्वतंत्र कराया। अपने निष्क्रियता से वो कुछ नहीं कर पाते, छोटे छोटे जनआंदोलनों ने एक बड़े क्रांति को जन्म दिया एवम् अंततः हमें स्वतंत्रता मिली।

अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देखा जाए तो भारत आजादी के पूर्व अत्यंत पिछड़ा था परंतु निरंतर विकासात्मक कार्य, योजनाओं के सतत क्रियान्वयन से आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। कर्म के आधार पर ही वो अन्य देशों के मुकाबले



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



आगे बढ़ सका है

आज अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर है। एक समय में अपने रॉकेट प्रक्षेपण हेतु पेलोड को साइकिल एवम् बैलगाड़ी पर लेकर जानेवाली अंतरिक्ष एजेंसी अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवम् निष्क्रियता की त्याग के बल पर विश्व में अपना कीर्तिमान स्थापित किया है इसरो ने 104 उपग्रह को एक साथ छोड़कर विश्व रिकॉर्ड को कायम किया व दुनिया को यह संदेश दिया कि निरंतर कर्म के बल पर कोई व्यक्ति एवम् संस्था आगे बढ़ती है।

हमारे देश की उत्तरी सीमा पर खड़ा हिमालय के बीच से निकलने वाली नदी हमें यह

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

संदेश देती है कि निरंतर बहते रहना ही जीवन को सार्थक बना सकता है

विज्ञान एवम् तकनीक के क्षेत्र में छोटे से छोटे अविष्कार ने इस बात को सिद्ध किया कि कर्तव्य निष्ठा से भले ही वो छोटे उपकरण बनाएँ हैं परंतु अन्य लोगों के अपेक्षा निष्क्रियता के भाव में न रहकर समाज एवम् विश्व हेतु अपना योगदान दिए हैं।

आज नारी की बात होती है। प्राचीन काल से अपने छोटे-छोटे योगदान से उत्साहित होकर खुद को स्थापित किये एवम् वर्तमान में देश की सर्वोच्च पद को सुशोभित भी नारी कर

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space
Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

रही है।

इसी कड़ी में एक पंक्ति बहुत ही प्रसिद्ध है जो सतत कर्म एवम् निष्क्रियता के भाव को दूर करने हेतु गढ़ा गया एवम् यथार्थ भी है :-

धीरे-धीरे रे मना
धीरे सबकुछ होय
माली सींचे सौ घड़ा
ऋतु आवे फल होय।

इसमें यह संदेश संर्विहित है कि व्यक्ति को अपना कार्य निरंतर जारी रखना चाहिए। धीरे धीरे ही सही परंतु अपने समय पर इसका परिणाम जरूर प्राप्त होता है। एक कहावत

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

बहुत ही प्रसिद्ध है कि "बूँद-बूँद से ही तालाब भरता है" अतः मनुष्य को कर्तव्य पालन करने की आवश्यकता है।

एक निष्क्रिय व्यक्ति अपने निष्क्रियता के कारण वहीं रुका रह जाता है जहाँ वो पहले था पर सतत् कार्य करने वाला व्यक्ति अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है।

हमारे संविधान के संकल्पनाओं में भी मूल कर्तव्यों के तौर पर कर्तव्य को रेखांकित किया गया है। देश की रक्षा करना राष्ट्र प्रेम, देश के निर्माण में अपना योगदान देना इसका प्रमुख उद्देश्य है, आज भारत इसी कर्तव्यशीलता के आधार पर

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

एक सफल लोकतंत्र के तौर पर स्थापित है। हमारे दर्शन परंपरा में भी सतत कार्य हेतु लोगों को प्रेरित करने का उल्लेख आता है।

निष्कर्षतः व्यक्ति को, समाज को, देश को अपने कर्म करते रहना चाहिए यह निष्क्रियता से अवश्य ही उत्तम है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

## Section—II
## खण्ड—II

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

5. ☐ We are not makers of history, we are made by history.
हम इतिहास-निर्माता नहीं हैं, बल्कि हम इतिहास द्वारा निर्मित हैं।

6. ☑ Internet has turned our world into global village.
इंटरनेट ने हमारे संसार को विश्वगाँव में बदल दिया है।

7. ☐ Thought is the base of life.
विचार जीवन का आधार है।

8. ☐ Education seeking change after Covid.
कोविड के बाद बदलाव माँगती शिक्षा।

इंटरनेट ने हमारे संसार को विश्व गाँव में बदल दिया है।

इंटरनेट एक ऐसा क्रांतिकारी बदलाव है जिसने पूरी मानव सभ्यता को अपने लाभों से सिंचित किया है। विज्ञान एवम् तकनीक के क्षेत्र में जब पहली औद्योगिक क्रांति हुई थी तब स्टीम इंजनों ने पूरे विश्व व्यवस्था को कायाकल्प कर



Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

दिया था। इसी प्रकार इंटरनेट के प्रसार ने हमारे पूरे विश्व को एक ग्लोबल विलेज के रूप में परिपुष्ट किया है।

आज भारत की लगभग 75% आबादी इस अविष्कार का प्रत्यक्ष लाभ ले रही है। इंटरनेट ने समाज के प्रत्येक अंग में अपना योगदान दिया है।

सामाजिक तौर पर देखा जाए तो इसने भौगोलिक दूरी को तोड़कर सभी कला-संबंधी, समुदाय को एक मंच पर लाने का कार्य किया है। इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया द्वारा आज व्यक्ति अपनी

...स्थान को क्रॉस (×) कर दें। ...oss (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

रचनात्मकता को प्रदर्शित कर रही है विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नृत्य, गायन एवम् चित्रकारी से लाखों ग्लोबल प्रसिद्धि पा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में इंटरनेट एक वरदान सिद्ध हुआ है। आज ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की शिक्षा आप अपने घरों से प्राप्त कर सकते हैं। मेटावर्स की नवीन संकल्पना ने इसे और आनन्दित कर दिया है जहाँ भौतिक दूरी का आभास भी नहीं हो पाएगा। व्यक्ति इसके माध्यम से स्वयं को उसी क्लासरूम में होने का अनुभव करेंगे। यह संकल्पना

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay



प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

अपने आप में रोमांचक है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यक्ति टेलीमेडिसीन के माध्यम से घर बैठे चिकित्सक से सीधे जुड़ सकते हैं एवम् अपनी समस्या बता सकते हैं एवम् अपनी रोगों का निदान पा सकते हैं। इंटरनेट के इस युग में आज घर बैठे व्यक्ति अपने मेडिकल रिपोर्ट मँगा सकते हैं। अपने पुराने स्वास्थ्य रिकॉर्ड खँगाल सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमता के द्वारा व्यक्ति के श्वास का नियमन, उनकी निगरानी, शरीर में शर्करा की मात्रा इत्यादि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि के क्षेत्र में इंटरनेट के अविष्कार ने अपना

ान को क्रॉस (×) कर दें। ...oss (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

विशिष्ट योगदान दिया है। आज भारत के किसान वैश्विक स्तर पर प्रयुक्त हो रही किसान संयंत्र, उपकरण इत्यादि से परिचित हो रहे हैं विभिन्न ऐप, पोर्टल के माध्यम से वो अपने योजनाएँ एवम् सूचनाओं की जानकारी प्राप्त कर पा रहे हैं।

इंटरनेट के वैश्विक प्रसार ने व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। व्यवसाय का विनियमन करण हुआ है। वाणिज्य के क्षेत्र में ई-कॉमर्स ने पूरे विश्व को एकजुट किया है। आज जब बैठे व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरीका से इंटरनेट के माध्यम से अपने उत्पाद मँगवाने हेतु सक्षम है

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। space
Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

सकता है। अमेज़ॉन, अलीबाबा, फ्लिपकार्ट जैसे ई कॉमर्स की वेबसाइट पूरे विश्व में अपने उत्पाद को बेचा रहा है। आज भारत में बनाया गया आम का आचार अमेरीका में बैठा प्रवासी ऑनलाइन इंटरनेट के माध्यम से मँगवा सकता है।

व्यवसाय द्वारा अपने उत्पाद के प्रचार प्रसार हेतु इंटरनेट का सहारा लिया जा रहा है।

विभिन्न सेवा क्षेत्र के उत्पादों का इंटरनेट के माध्यम से प्रसार हो रहा है। ब्लॉगिंग के माध्यम से हमें दूसरे देश की संस्कृति, खान-पान, जीवन शैली के बारे में सोशल मीडिया

खाली स्थान को क्रॉस (×) कर दें। ... unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

द्वारा पता चलता है।

आज कूटनीति के तौर पर देखा जाए तो ट्विटर के माध्यम से एक देश के नेता दूसरे देश से शिष्टाचार एवम् वार्ता करते हैं।

कोविडकाल में जहाँ समूचा विश्व त्राहिमाम था उस दौरान इंटरनेट ने लोगों की बहुत सहायता की। फंड रेजिंग के माध्यम से लोगों की निर्माण सहायता है या अनतक कोविड के दौरान बरती जाने वाली सावधानी का प्रचार प्रसार हो।

राजनीतिक क्षेत्र में इंटरनेट ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज कई सम्मेलन आभासी तौर पर आयोजित

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

किए जा रहे हैं, इसी कड़ी में हाल ही में आयोजित विश्व ग्लोबल साइबर समिट एवम् क्वाड सम्मेलन उल्लेखनीय है। इंटरनेट ने भौगोलिक दूरी को समाप्त कर दिया।

सरकार की कई सेवाएँ जैसे डी० बी० टी० विभिन्न पोर्टल से इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त हो रही है।

पर्यावरणीय कारकों को ध्यान में रखा जाए तो विभिन्न सम्मेलन, कैम्पेन के द्वारा इंटरनेट के माध्यम से लोगों के बीच पर्यावरणीय जागरूकता लाई जा रही है इसी कड़ी में

... क्रॉस (×) कर दें।
... unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

#सेव वाटर कैम्पेन, जलवायु परिवर्तन पर ग्रेटा थुनबर्ग का अभिभाषण, सोशल मीडिया व इंटरनेट के माध्यम से पूरे विश्व समुदाय को अपने तरफ आकृष्ट किया। भारत में लिसिप्रिया कंगुजम जैसी पर्यावरणविद जिन्हें ग्रेटा थुनबर्ग से प्रेरणा मिली एक ग्लोबल विलेज की परिकल्पना का ही सकारात्मक रूप है।

आपदा में अवसर पर

पूरे विश्व हेतु इंटरनेट एक जीवन दायी अविष्कार बन जाता है। हाल ही में तुर्की एवम् सीरिया में आए भीषण भूकंप के दौरान इसके महत्व को देखा जा सकता है जहाँ राहत एवम् बचाव कार्य एवम् उसके

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

उपरांत पुनर्वास हेतु इंटरनेट का सार्थक प्रयोग किया गया।

इन सभी लाभों एवम् संभावनाओं के बावजूद इंटरनेट के वैश्विक प्रयास के दो पहलू हैं, इसके नकारात्मक प्रभाव पहलू में इसके नकारात्मक प्रभाव को देखा जा सकता है।

विभिन्न इंटरनेट मीडिया के माध्यम से दूसरे देश के खिलाफ नकारात्मकता से भरी एवम् प्रोपगैंडा पूर्ण बयानबाजी के प्रकार ने विदेश नीति के क्षेत्र में सभी देशों को प्रभावित किया है।

इंटरनेट उपकरण के अपशिष्ट से उपजा ई कचरा आज वैश्विक समस्या बनकर

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
...कॉस (×) कर दें। ...unused space
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

उभरा है जो सभी देशों को प्रभावित किया है।

इंटरनेट के आ जाने से नई चीजें यथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि चैटजीपीटी ने लोगों की स्वतंत्रता को प्रभावित किया है। लोग पूर्णतः इंटरनेट पर आश्रित हो गए हैं। पूरे विश्व में एक नई समस्या ने जन्म लिया है जिसे साइबर अपराध कहा जाता है। साइबर इंटरनेट के माध्यम से अपराधी वित्तीय नुकसान के साथ-साथ भावना तक इससे लोगों को प्रभावित किया है।

ग्लोबल विलेज की संकल्पना को इंटरनेट द्वारा भले ही

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

26

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

साकार करने की बात हो परंतु वर्तमान में कई देश अभी भी इससे अछूता है एवम् डिजिटल विभाजन का दंश झेल रहा है।

उपरोक्त सभी पहलू को ध्यान में रखकर ये बात याद आती है कि "अति सर्वत्र वर्जयेत" अर्थात् अति की वर्जना के द्वारा ही हम इंटरनेट का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। इससे ही हमारे इंटरनेट द्वारा बनाया गया विश्व गाँव की संकल्पना सकारात्मक रूप से उपयोगी सिद्ध हो सकेगी।

✓ 48 Q6



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

## Section—III
## खण्ड—III

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

9. ☑ Dharma ke bina vigyan nangar chhai, vigyan ke bina dharma aanhar chhai.
धर्म के बिना विज्ञान नाङ्गर छै, विज्ञान के बिना धर्म आन्हर छै।

10. ☐ Paani mein machharia, nau-nau kutia bakharaa.
पानी में मछरिया, नौ-नौ कुटिया बखरा।

11. ☐ Agila khetee aage-aage, pachhila khetee bhage jage.
अगिला खेती आगे-आगे, पछिला खेती भागे जागे।

12. ☐ Moos motaihen, lodha hoihen,
na hathi, na ghora hoihen.
मूस मोटइहें, लोढ़ा होइहें,
ना हाथी, ना घोड़ा होइहें।

धर्म के बिना विज्ञान नाङ्गर है,
विज्ञान के बिना धर्म आन्हर है।

---

उपरोक्त मैथिली कहावत आज की जीवनशैली, विज्ञान एवम् तकनीक के प्रयोग एवम् धर्म के साथ उनके समन्वय पर आधारित

अनावश्यक स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Pl

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

समाज के बारे में कहा गया है। इन पहलू को देखने से पहले जानते है कि आखिर धर्म है क्या? क्या यह मात्र व्यक्ति की आस्था का विषय है ? या अपने आपमें विज्ञान को समाविशित किया हुआ जीवन पद्धति है।

हमारे शास्त्रों में कहा गया है धर्म अर्थात् जो धारण किया गया हो। धर्म एवम् विज्ञान एक दूसरे के पूरक है। प्रत्येक धार्मिक रीति रिवाज का कोई न कोई वैज्ञानिक कारण अवश्य होता है। धर्म जहाँ व्यक्ति की

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। ... unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने वाले सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

आध्यात्मिक, मानसिक स्थिति को प्रतिसंतुलित करता है वहीं विज्ञान व्यक्ति की भौतिकवादी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

धर्म कहता है कि ईश्वर होते हैं इसी के खोज में वैज्ञानिकों ने गॉड पार्टिकल के नाम से भौतिक कण को लोगों के समक्ष लाया।

विज्ञान के द्वारा लोगों की धार्मिक आस्था परिपुष्ट हुई है। जैसे - कई सदियों से पेड़ में जीवन की बात की जा रही थी उसे पूजा जाता है। आज वैज्ञानिकों ने इस बात की पुष्टि की एवं इसके महत्व

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

को उजागर किया। पेड़ से हमे ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है जो प्राणवायु है।

धर्म आंतरिक शांति की बात करता है इसको परिपुष्ट करने हेतु विज्ञान द्वारा हालिया कई शोध में यह प्रमाणित किया गया कि शांतचित मनुष्य अन्य लोगों की तुलना में कहीं ज्यादा रचनात्मक होते हैं।

धर्म समाज, समन्वय, एकीकरण की बात करता है नहीं हालहीने शोध में पता चला है कि संयुक्त परिवार में रह रहे व्यक्ति में अवसाद, तनाव की प्रवृत्ति एकल परिवार की तुलना में कम



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

होती है।

विभिन्न धार्मिक आचरणों पर वैज्ञानिकता का प्रभाव है यथा हमारे देश की संस्कृति में प्रकृति पूजा का अपना महत्व है। इसी को विज्ञान की भाषा में जलवायु परिवर्तन के निपटने हेतु रणनीति का दर्जा दिया गया है।

धर्म में साफ-सफाई स्वच्छता का विशेष महत्व है; इसका पता हमें हालिया महामारी संकट कोविड के दौरान चला जहाँ वैज्ञानिकों द्वारा सोशल डिस्टेंश साफ-सफाई को इसके बचाव हेतु एक महत्वपूर्ण अवयव माना।

वैज्ञानिकता का समावेशन धर्म

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

के प्रत्येक पहलू में है।

विज्ञान के बिना धर्म को अंधा बताया गया है। बिना विज्ञान के कसौटी पर कसे किसी भी धार्मिक मान्यताओं को मानने से अंधविश्वास में अभिवृद्धि होती है।

विज्ञान के प्रसार से लोगों ने स्वीकार किया कि धर्म एवम् अंधविश्वास में अंतर है। प्राचीन काल में फैले सती प्रथा, बाल विवाह इत्यादि को धर्म के आधार पर सही ठहराया जाता था जिसे वैज्ञानिक सोच ने गलत साबित किया बाल विवाह के दुष्परिणाम को दुनिया के समक्ष लाया। प्राचीनकाल में महिलाओं को कमजोर समझा

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

जाता था परंतु हालिया शोध में यह बात सामने आया कि महिला जैविक रूपसे पुरुष की तुलना में अधिक स्वस्थ होती है।

वैज्ञानिकता के अभाव में लोग अपनी समस्या हेतु झाड़-फूक पर निर्भर था। धर्म की आड़ में बीमारियों को देखा जाता था परंतु वैज्ञानिकों ने टीके की खोज कर चेचक, कुष्ट, पोलियो इत्यादि का सफल उपचार को दर्शाया।

आज विज्ञान जहाँ आध्यात्मिकता के शरण में है वहीं धर्म वैज्ञानिक सोच से और समृद्ध हो रहा है। धर्म के द्वारा नैतिकता आधारित

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

वैज्ञानिक खोज एवम् विकास के कार्य हो रहे हैं; बिना नैतिक दायित्व के विज्ञान के नकारात्मक उपयोग की संभावना बनी रहती है।

आज जल संरक्षण की वैज्ञानिक प्रणाली विकसित की जा रही है परंतु हमारे प्राचीन धर्म एवम् परंपरा में इसके संरक्षण एवम् रखरखाव हेतु कई उपाय हैं। यथा -मिथिला क्षेत्र में जुड़ शीतला पर्व, फसल कटनी हेतु बिहु, पोंगल इत्यादि।

बौद्ध धर्म में नागार्जुन द्वारा प्रतिपादित सापेक्षता वाद की संकल्पना को महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपने

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स मे Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

सापेक्षता के सिद्धांत में प्रतिपादित किया।

धर्म का पालन करने वाला मनुष्य सकारात्मकता को धारण किए रहता है जिसे वैज्ञानिक एवम् मनोवैज्ञानिक द्वारा अपने चिकित्सकीय प्रयोग में उपयोग में लाया जाता है।

धर्म जहाँ सात्विक भोजन की ओर मानव को उन्मुख होने को कहता है वहीं विज्ञान भी पौधा आधारित शुद्ध शाकाहारी भोजन को उत्तम आहार माना है।

धार्मिक तौर पर ईश्वर उत्पत्ति की बात की जाती रही है, परंतु वैज्ञानिक अविष्कार के नतीजों, गर्भाशय ऑपरेशन को बढ़ावा



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

देकर इसे संतुलित किया।

हालाँकि कई मायनों में धर्म एवम् विज्ञान एक दूसरे के आमने सामने है। धर्म कहता है कि विश्व की रचना अलौकिक शक्ति द्वारा हुई है लेकिन विज्ञान इसे नकारता है। विज्ञान के अनुसार अणु एवम् परमाणु के स्तर पर बदलाव, जलवायविक घटनाओं के बदलाव, सतत मानवीय विकास एवम् जीव जंतु का विकास हुआ है।

ब्रह्मांड के विकास हेतु विज्ञान बिग बैंग थ्योरी को मानता है परंतु धर्म में इसके निर्माण हेतु अलग - अलग संकल्पनाएँ है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
...sed space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

विज्ञान मानव के कल्याण की बात करता है विश्व में उन्नति लाने की बात करता है नहीं धर्म में भी "वसुधैव कुटुंबकम" की धारणा निहित है।

धर्म नैतिकता सिखाता है एवम् तार्किकता का समावेशन हमारे मस्तिष्क में डालता है जिसे विज्ञान द्वारा अपने शोध द्वारा परिपुष्ट किया जाता है।

समग्रतः धर्म एवम् विज्ञान को देखा जाए तो दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों अपनी - अपनी धारणा, मान्यताओं पर आधारित है। दोनों का

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

एक ही उद्देश्य है मानव जीवन में उन्नति लाना। उसे परिपूर्ण करना। आज विज्ञान बिना धर्म के अंधा समान है चूँकि बिना धर्म के जो वैसे मानव हेतु अविष्कार होंगे जो समाज हेतु अभिशाप हो। वही बिना विज्ञान को धर्म को मान लेना हमें अंधविश्वास की राह की ओर धकेलता है।

✓ 58 Q9

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। ...sed space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

(3) • करत करत अभ्यास ते

• दर्शन
• भगवत् गीता
• पर्यावरण क्षेत्र
• सामाजिक
• मूल कर्तव्य
•

• निकृष्ट व्यक्ति को ज्ञानि
• निरंतरता
• गति
• समन्वय
• प्रभाव में उत्कृष्ट
• अपने लक्ष्य प्राप्ति में आसानी
•



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Pranav Kumar, Rank 73 (68th BPSC) Essay